हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 27 जून 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 रूठा मानसूनः जल्द मानसून ने दस्तक नहीं दी तो...

07 सीमांकन, नामांतरण और बंटवारे के लंबित...

खबर संक्षेप

46 वर्षीय सतीश लापता

इटारसी। पुरानी इटारसी क्षेत्र से बीते दिनों 46 वर्षीय सतीश अरक्का

लापता हैं। परिजनों के अनुसार, उन्हें आखिरी बार ओवर ब्रिज स्थित हनुमान मंदिर के पास देखा गया था। उनके भाई, दीपक अरक्का ने इस संबंध में एक सूचना जारी कर आम लोगों से मदद की अपील की है। परिवार ने निवेदन किया है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इनके बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृपया तुरंत नीचे दिए 9116903604 नंबर पर संपर्क करके सूचना दें। मामले में पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर लगातार अरक्का को तलाश रही है।

अड़ीबाजी के आरोपी को किया गिरफ्तार

माखन नगर। पुलिस थाने के एएसआई वीरेंद्र शक्ला ने बताया वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में अड़ीबाजी के आरोपी वेदांत यादव निवासी आंख मऊ को अपराध कमांक 453 की 26 धारा 296 , 119 ए 35,13 बी एन एस की धारा अड़ी बाजी के केस में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई

सांभर को पोहा खिलाना पड़ा भारी बोरी अभयारण्य के अधीक्षक सस्पेंड

बोरी अभयारण्य में वन्य प्राणी अस्वाभाविक व्यवहार करने पर अधीक्षक विनोद वर्मा को सस्पेंड कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व के बोरी अभयारण्य से एक बड़ी खबर सामने आई है। वन्यजीव के साथ गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार करने के मामले में बोरी अभयारण्य के अधीक्षक और प्रभारी सहायक संचालक इटारसी विनोद कुमार वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व की फ़ील्ड डायरेक्टर (क्षेत्र संचालक) राखी नंदा ने इस संबंध में निलंबन आदेश जारी किया है। विनोद वर्मा का प्रभार फ़िलहाल पचमढ़ी में पदस्थ संजीव कुमार शर्मा को सौंप दिया गया है।

प्रकरण में

- म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 का उल्लंघन
- निलंबन अवधि में वर्मा का मुख्यालय सहायक संचालक पिपरिया किया गया
- वन्यजीव (सांभर) को पोहा खिलाते सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ था वायरल

क्या है पूरा मामला?

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो और तस्वीरें जमकर वायरल हुई थीं, जिसमें विनोद कुमार वर्मा चूरना क्षेत्र में एक वन्यजीव (सांभर) को पोहा खिलाते और उसके साथ अस्वाभाविक व्यवहार करते नजर आ रहे थे। वन्यजीवों को मानवीय खाद्य पदार्थ खिलाना और उनके प्राकृतिक व्यवहार में दखल देना वन्यप्राणी संरक्षण नियमों के खिलाफ माना जाता है। इस वीडियो के सामने आने के बाद भोपाल के वन्यप्राणी विशेषज्ञ ने वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले की लिखित शिकायत की थी और सख्त कार्रवाई की मांग उठाई थी।

नियमों के उल्लंघन पर गिरी गाज

वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए क्षेत्र संचालक राखी नंदा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि विनोद वर्मा द्वारा वन्यजीव (सांभर) के साथ अस्वाभाविक व्यवहार करना उनके मूलभूत शासकीय कर्तव्यों के विपरीत है। इस कृत्य में उनके द्वारा गंभीर लापरवाही एवं असंवेदनशीलता बरती गई, जो म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 का स्पष्ट उल्लंघन है।"

पिपरिया रहेगा मुख्यालय

निलंबन की इस अवधि में विनोद कुमार वर्मा का मुख्यालय कार्यालय सहायक संचालक पिपरिया, सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व निर्धारित किया गया है। वे क्षेत्र संचालक की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इस कार्रवाई के बाद से वन विभाग के गलियारों और सोशल मीडिया पर यह मामला लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है।

पैतृक संपत्ति विवाद के चलते जीजा ने ही की साले की हत्या

पुलिस ने 48 घंटे में किया वारदात का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नर्मदापुरम जिले के कोटगांव में 35 वर्षीय युवक की गला रेतकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। आरोपी मृतक युवक का सगा जीजा निकला।

जीजा ने साले को सुनसान मकान में ले जाकर बसूले (हथियार) से गर्दन पर वार कर उसकी हत्या कर दी थी। शुक्रवार को सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान ने हत्या का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी घनश्याम मालवीय मृतक संजय उर्फ जितेन्द्र मालवीय (35) निवासी कोटगांव का जीजा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक संजय मालवीय शराब के नशे में आए दिन घर एवं पैतृक संपत्ति को लेकर जीजा से विवाद करता था। घर में आग लगाने की धमकी देता था। 24 जून की रात भी इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ। जिसके बाद आरोपी ने सुनसान स्थान पर संजय को ले गया। अंधेरे में बसूले से उसकी गर्दन पर वार कर कर हत्या कर दी फिर वो मौके से भाग निकला था। बुधवार सुबह युवक का खून से लथपथ शव उसके घर से 50 फीट दूर एक खंडहरनुमा मकान में मिला। पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बसूला एवं घटना के समय पहने हुए कपड़े बरामद किए। आरोपी को शुक्रवार को खुलासे के बाद कोर्ट पेश किया।

अंधे कत्ल का पर्दाफाश करने में पुलिस टीम में संजू चौहान एसडीओपी, नगर निरीक्षक कंचन सिंह ,उप निरीक्षक आकाशदीप पचाया, सहायक उप निरीक्षक प्रकाश सिंह राजपूत ,सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र शुक्ला, प्रधान आरक्षक रितेश रघुवंशी की भूमिका रही।

मौसम वैज्ञानिकों का अलर्ट जिले में हो सकती है तेज बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में मानसून की दस्तक के दूसरे दिन शुक्रवार रात भी बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। वहीं, शुक्रवार सुबह से मौसम साफ है और धूप निकली है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले पांच दिनों तक लगातार बारिश की संभावना जताई है।

इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश के साथ तेज रफ्तार हवाएं भी चल सकती हैं। जिले में इस बार मानसून ने 9 दिन की देरी से जोरदार दस्तक दी है। वहीं शनिवार को दिन में धूप निकलने से गर्मी और उमस बनी रही। इस दौरान मौसम सुहाना रहा।

मौसम वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया कि अभी जिले में उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में ऊपरी हवाओं का चक्रवात बना हुआ है। एक ट्रफ लाइन पूर्व और दक्षिण के हिस्सों से होकर महाराष्ट्र होते हुए अरब सागर तक निकली है। मानसून के अनुकूल मौसम बनने के कारण आगामी दिनों में भी जिले में भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। इस दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

इटारसी क्रिकेट संघ की बैठक में विष्णु पांडेय अध्यक्ष हुए निर्वाचित, सदस्यों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी क्रिकेट संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आज इटारसी में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। विष्णु पांडेय को संघ का अध्यक्ष, जाफर सिद्दिकी को कार्याध्यक्ष एवं राजीव दुबे को सचिव चुना गया।

इस अवसर पर नगर के लगभग 40 से अधिक सक्रिय खिलाड़ी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने इटारसी में क्रिकेट के विकास, युवाओं को उचित मंच प्रदान करने और नियमित टूर्नामेंट आयोजित करने पर विस्तार से चर्चा की। विशेष तौर पर लैदर बाल क्रिकेट को एक बार पुनः प्रतिस्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। बेहद कम हो चुकी लैदर बाल क्रिकेट की विरासत को संवारने पर विशेष जोर दिया गया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री विष्णु पांडेय ने कहा ₹संघ का मुख्य उद्देश्य इटारसी की प्रतिभाओं को आगे लाना और शहर को क्रिकेट के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना है। जल्द ही पूरी कार्यकारिणी का गठन कर मैदान पर गतिविधियां शुरू की जाएंगी । जाफर सिद्दिकी ने खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करते हुए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। स्थानीय पत्रकार भवन में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में किक्रेट संघ के संरक्षक के रूप में उमेश द्विवेदी, जितेन्द्र ओझा, अनिल राठी, सत्येन्द्र पाल सिंह जग्गी एवं कुलभूषण मिश्रा का चयन किक्रेट संघ के संरक्षको के रूप में किया गया।

नाबालिग से दुराचार के दोषी को न्यायालय ने सुनाई उम्रकैद और जुर्माने की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में कोर्ट ने 16 साल की नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। पॉक्सो स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को आंखमऊ के रहने वाले 21 वर्षीय आरोपी बाबू उर्फ रंजीत यादव को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए सजा के साथ ही 2000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

मामला मई 2024 का है। आरोपी ने नाबालिग लड़की के साथ दुराचार किया। जब पीड़िता को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हुईं और परिजन उसे डॉक्टर के पास ले गए, तब खुलासा हुआ कि वह चार महीने की गर्भवती है। इसके बाद पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी बाबू उर्फ रंजीत के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन एसडीओपी पराग सैनी ने बारीकी से जांच की।

विवेचना के दौरान पुलिस ने पीड़िता और आरोपी का डीएनए टेस्ट कराया। प्रयोगशाला से आई इस डीएनए रिपोर्ट में साफ तौर पर पुष्टि हो गई कि आरोपी ने ही नाबालिग के साथ गलत काम किया था और उसी की वजह से वह गर्भवती हुई थी।

अदालत में जब इस मामले का ट्रायल शुरू हुआ, तो पीड़िता और अन्य अहम गवाह अपने पुराने बयानों से मुकर गए। अभियोजन पक्ष की दलील पर न्यायालय ने डीएनए को वैज्ञानिक साक्ष्य को सबसे अहम और अकाट्य सबूत माना और आरोपी रंजीत यादव को नाबालिग के जीवन से खिलवाड़ करने का दोषी पाते हुए जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया।

समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचकर फंसे किसान, नहीं आई राशि, जवाब से असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रबी सीजन में अपनी खून-पसीने की कमाई और फसल सरकार को सौंपने के बाद नर्मदापुरम जिले के किसान अब अपनी ही उपज के दाम पाने के लिए सोसायटियों और दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उपार्जन केंद्र शिवकृपा वेयरहाउस पर मई महीने में गेहूं बेचने वाले कई किसानों को लंबा समय बीत जाने के बाद भी खरीदी सोसाइटी द्वारा भुगतान नहीं किया है। परेशान होकर किसानों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का दरवाजा खटखटाया, लेकिन वहां से भी उन्हें केवल तकनीकी कमियों का हवाला देकर टरकाया जा रहा है। किसानों को उपार्जन केंद्र से मिली अनाज खरीदी पावती साफ बयां कर रही हैं कि सरकार के '7 दिन में भुगतान' करने के दावे जमीनी स्तर पर कितने खोखले हैं।

नयागांव निवासी प्रमोद मेहता ने 15 मई 2026 को 108.5 क्विंटल गेहूं बेचा था, जिनका 2,84,812 का भुगतान बाकी है। इसी तरह जमानी के किसान विजय कुमार मेहतो ने 12 मई 2026 को 54.0 क्विंटल गेहूं बेचा, जिनकी 1,21,547 की राशि अटकी हुई है। जमानी के ही विवेक कुमार वर्मा ने 25 मई 2026 को 85.0 क्विंटल गेहूं तुलाया था, जिनका 2,23,125 का भुगतान नहीं हुआ है। ग्राम जमानी की महिला कृषक सरला बाई ने 27 मई 2026 को सबसे अधिक 322.0 क्विंटल गेहूं बेचा था, जिनका 8,20,599 का बड़ा भुगतान बकाया है। इसके अलावा जमानी के ही विजय कुमार वर्मा ने 25 मई 2026 को 227.0 क्विंटल गेहूं उपार्जन केंद्र पर बेचा था, जिनका 5,89,115 का भुगतान आज तक नहीं मिल सका है। इन सिर्फ 5 किसानों का ही कुल 20 लाख रुपये से अधिक का भुगतान पिछले एक महीने से अटका हुआ है। पावती पर साफ लिखा है कि 'ऋण भुगतान की स्थिति, भुगतान हो गया है, लेकिन असल में किसानों के खातों में फूटी कौड़ी तक नहीं पहुंची है।

इस पूरे मामले में जब जमानी खरीदी सोसाइटी के प्रबंधक प्रशांत अग्रवाल से बात की गई, तो उन्होंने एक बड़ा खुलासा किया। प्रबंधक अग्रवाल ने बताया कि सोसाइटी स्तर पर किसानों की कोई राशि नहीं रोकी गई है। यह भुगतान नागरिक आपूर्ति निगम के स्तर से होना है। हमने किसानों को नान कार्यालय भी भेजा था, लेकिन वहां से उनके खातों में गड़बड़ी होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया गया। जबकि ये सभी हमारे रेग्यूलर (नियमित) किसान हैं और इनके इन्हीं खातों में अन्य सभी तरह के पेमेंट नियमित रूप से आ रहे हैं। दिक्कत केवल नान के स्तर से ही है। 8 मई के बाद से नान ने कोई भुगतान नहीं किया है, जिसके कारण क्षेत्र के लगभग 12 से 13 हजार क्विंटल गेहूं का भुगतान अभी तक अटका हुआ है। यह सारी खरीदी जमानी सोसाइटी द्वारा शिवकृपा वेयरहाउस में की गई थी।

सीएम हेल्पलाइन का अजीबोगरीब तर्क

जमानी निवासी किसान विजय कुमार मेहतो (किसान कोडः 222260045876) ने भुगतान न होने पर शिकायत क्रमांक 38893068 दर्ज कराई थी? मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के अधिकारियों ने शिकायत के निराकरण में तर्क दिया कि ईपीओ (इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट ऑर्डर) आपके खाते में समस्या होने के कारण 10 जून 2026 को फेल हो गया, अतः खाते में संशोधन कराएं? सोसाइटी प्रबंधक के बयान और किसानों के आक्रोश के बाद अब यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि जब किसानों के खाते चालू हैं और उनमें अन्य लेन-देन हो रहे हैं, तो सिर्फ नान के भुगतान के समय ही बैंक खाते 'रिजेक्ट' क्यों हो रहे हैं? आखिर क्यों तकनीकी खराबी का बहाना बनाकर असली समस्या को छुपाया जा रहा है?

इटारसी में चोरों के घरों में घुसने के प्रयास से दहशत, विधायक डॉ शर्मा ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुरानी इटारसी क्षेत्र में बीती रात्रि अज्ञात चोरों के एक गिरोह द्वारा कुछ घरों में घुसने का प्रयास किए जाने की सूचना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया और अपने सहयोगियों के साथ चयन कॉलोनी एवं शिवराज पुरी कॉलोनी पहुंचकर स्थानीय रहवासियों से मुलाकात की।

विधायक डॉ. शर्मा ने घटना से प्रभावित परिवारों एवं आसपास के नागरिकों से विस्तार से चर्चा कर

पूरी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लोगों से शांत एवं सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान पुलिस विभाग से निरीक्षक विपिन पाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा स्थानीय लोगों से जानकारी एकत्रित की। विधायक ने पुलिस अधिकारियों से रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया ढाई करोड़ की सड़क का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नरोलिया एवं सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनसंवाद, जनसंपर्क, भूमिपूजन एवं समस्या निवारण कार्यक्रमों में सहभागिता की। इस अवसर पर माना–रनढोला मार्ग (2.2 कि.मी.) के 252.80 लाख की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र में बेहतर आवागमन, ग्रामीण विकास तथा जनसुविधाओं को नई गति प्रदान करेगी। सांसद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

जिले भर में मनाया गया मुहर्रम, अकीदतमंदों की सेवा की गई

भाईचारे के साथ निकला मुहर्रम का जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में शुक्रवार देर शाम मुहर्रम के अवसर पर श्रद्धा, आस्था और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ भव्य ताजिया जुलूस निकाला गया। ग्वाल बाबा क्षेत्र से शुरू होकर जुलूस नाला मोहल्ला और मुख्य मार्गों से होता हुआ गांधी स्टेडियम पहुंचा। इस दौरान ईरानी समुदाय का जुलूस भी शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। जुलूस को देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर लोगों का भारी हुजूम उमड़ा रहा। भीषण गर्मी के बावजूद विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह शरबत, शीतल पेय और भंडारे की व्यवस्था की गई। लोगों ने आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए जुलूस में शामिल अकीदतमंदों और राहगीरों की सेवा की।

सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस प्रशासन हर प्रमुख चौराहे पर मुस्तैद रहा। देर शाम गांधी स्टेडियम में विभिन्न

क्षेत्रों से आए ताजियों का मिलन हुआ, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। आयोजकों के अनुसार, रात्रि कार्यक्रमों के समापन के बाद शनिवार सुबह ताजियों को विसर्जन के लिए नर्मदापुरम स्थित कर्बला ले जाया जाएगा। पूरा आयोजन इटारसी की सांप्रदायिक सौहार्द्र की परंपरा को मजबूत कर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

मालवीयगंज में जुआ के फड़ पर पुलिस ने की कार्रवाई

8 जुआरी गिरफ्तार, 22 हजार नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के निर्देशन तथा एसडीओपी इटारसी के मार्गदर्शन में स्थानीय पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मालवीयगंज क्षेत्र में दबिश देकर जुआ खेल रहे 8 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। थाना इटारसी को 25 जून को विश्वसनीय मुखबिर से मालवीयगंज में जुआ खेले जाने की सटीक सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी कर मौके से ताश के पत्तों के साथ सभी 8 आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने फड़ से 52 ताश के पत्ते और कुल 22,850 रुपये की नगद राशि जब्त की है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

बुआई हुई 15 दिन लेट, किसानों की बढ़ी चिंता, बारिश का कर रहे इंतजार

रूठा मानसून: जल्द मानसून ने दस्तक नहीं दी तो बदलनी पड़ सकती है फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

इस साल खरीफ फसल पर मौसम की मार का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। जून का महीना आधा से ज्यादा महीना बीत चुका है। अभी तक मानसून ने दस्तक नहीं दी है। जिसके कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी है, क्योंकि खरीफ सीजन की बोवनी करीब 15 दिन पिछड़ चुकी है। सामान्य तौर पर 10 जून के आसपास प्री-मानसून बारिश के बाद किसान खेतों में बोवनी शुरू कर देते थे, पर इस बार अब तक मानूसन ने दस्तक नहीं दी है। इससे कृषि कार्य ठप हैं। हालांकि किसानों ने खेत तैयार कर लिये है। किसान खाद-बीज का भी इंतजाम कर चुके हैं, लेकिन बारिश नहीं होने से बोवनी शुरू नहीं हो पा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक इस साल प्रशांत महासागर में सक्रिय हो रहे अल-नीनो के प्रभाव के कारण मानसून न सिर्फ देरी से आ रहा है, बल्कि सामान्य से कम बारिश की भी आशंकाएं जताई जा रही है। इधर कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि यदि अगले एक सप्ताह में मानसून सक्रिय नहीं हुआ तो किसानों को खरीफ फसलों की योजना बदलनी पड़ सकती है। लंबे समय में पकने वाली फसलों की जगह कम अवधि वाली फसलों और प्रजातियों का चयन करना बेहतर रहेगा। देरी से बोवनी पर फसल में कीट का प्रकोप बढऩे, उत्पादन घटने और बीज खराब का खतरा रहेगा।

मानसून की देरी से बदल रहा पैर्टन

जिले में खरीफ खेती मुख्य रूप से मानसून पर निर्भर है। पिछले दो तीन वर्षों से मानसून की अनिश्चित गतिविधियों ने खेती का पैटर्न बदल दिया है। कभी बारिश देर से शुरू होती है तो कभी बीच सीजन में लंबा अंतराल आ जाता है। इससे किसानों के लिए पारंपरिक फसल चक्र के अनुसार खेती करना मुश्किल होता जा रहा है। इस बार भी प्री-मानसून बारिश नहीं होने से लंबी अवधि की फसलों के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। जिले में बोवनी का यह पीक टाइम है। पर्याप्त बारिश नहीं होना खरीफ उत्पादन के लिए चिंता का विषय है। कृषि विभाग के अनुसार, सभी किसान भाई पारंपरिक लंबी अवधि की फसलों के मोह से बचें। इस बार केवल वहीं फसले और किस्में खेतो में लगाएं जो कम पानी (पानी की बचत), कम समय (जल्दी पकने वाली) में तैयार हो जाएं।

देरी से बुआई, फसल पर खतरा

जुलाई के पहले सप्ताह में बोवनी शुरू होती है तो किसान जोखिम उठाकर फसल लगा सकते हैं, लेकिन इसके बाद देरी बढऩे पर नुकसान की आशंका अधिक रहेगी। जुलाई के दूसरे सप्ताह तक बोवनी पहुंचने पर किसानों को फसल बदलने की जरूरत पड़ सकती है। लंबी अवधि में पकने वाली फसलें सामान्यतः 120 से 130 दिन लेती हैं। देरी से बोवनी करने पर इन फसलों को पकने के लिए पर्याप्त अनुकूल मौसम नहीं मिल पाता। इससे फसल पर कीट और बीमारियों का असर बढ़ सकता है, जबकि उत्पादन भी कम हो सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस साल अल-नीनो का प्रभाव मानसून के दूसरे चरण अगस्त-सितंबर में सबसे ज्यादा देखने को मिल सकता है। इसका सीधा मतलब यह है कि शुरुआती देरी मानसून की एंट्री देरी से होगी, जिससे बोवनी का चक्र15 से 20 दिन पिछड़ सकता है। जिससे खेतों में लंबे समय तक सूखा रह सकता है। कुल मिलाकर बारिश के दिनों की संख्या कम रहेगी।

किसानों को बारिश का इंतजार

खरीफ की बोवनी के लिए किसानों ने खेत बनाकर तैयार किए है। किसान अब बारिश होने के इंतजार में लगे है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पर्याप्त बारिश होने की स्थिति में किसान बोवनी करें अन्यथा कम बारिश में बोवनी करने पर बीज खराब होने की संभावना बनी रहती है। इसीलिए जमीन में पर्याप्त नमी होना अतिआवश्यक है। बोवनी को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। बता दे कि इस साल जिले में 4 लाख 56 हजार 050 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलों की बुआई की जायेगी। पिछले साल जिले में 4 लाख 55 हजार 510 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुआई हुई थी, जबकि इस साल विभाग द्वारा जो रकबा निर्धारित किया गया है, उसमें 540 हेक्टेयर की बढोत्तरी की है। अब किसान बारिश का इंतजार कर रहे है कि जैसे ही मानसून सक्रिय होगा, वह बुआई कार्य प्रारंभ कर देगे। किसानों का कहना है कि अभी से योजना बना रहे है कि कितने हेक्टेयर में कौन सी फसल की बुआई करे।

संकट के इस दौर में किसानों के लिए पांच बड़े सुझाव

- **बोवनी में जल्दबाजी बिल्कुल न करें :** जब तक खेत में कम से कम 3 से 4 इंच (75 से 100 मिमी) अच्छी बारिश न हो जाए और मिट्टी में पर्याप्त गहराई तक नमी न आ जाए तब तक बोवनी न करें। कम बारिश में बोया गया बीज अंकुरित होकर सूख सकता है।
- **बीजोपचार अनिवार्य है :** कम पानी की स्थिति में पौधों में फंगस और कीड़ों का हमला तेजी से होता है। इसलिए ट्राइकोडरमा या थाइरम से बीजों का उपचार करने के बाद ही बुवाई करें।
- **मेढ-नाली पद्धति अपनाएं :** बोवनी करते समय मेढ़ और नालीदार पद्धति का उपयोग करें। इससे यदि तेज बारिश हुई तो अतिरिक्त पानी नाली से निकल जाएगा, और यदि सूखा पड़ा तो नाली की नमी पौधे को बचाए रखेगी।
- **मिश्रित खेती को प्राथमिकता दें :** जोखिम को कम करने के लिए एक ही फसल पर निर्भर न रहें। सोयाबीन के साथ अरहर या मक्का के साथ मूंग व उड़द की खेती करें, ताकि एक फसल बिगडऩे पर दूसरी सहारा दे सके।
- **सिंचाई की तैयारी रखें :** अपने कुएं, ट्यूबवेल या कृषि तालाब को दुरुस्त रखें। अगस्त के महीने में यदि लंबा सूखा खींचता है तो स्प्रिंकलर के जरिए फसलों को जीवनदान दिया जा सकता है।

इनका कहना है -

मानसून में देरी को देखते हुए किसानों को लंबी अवधि वाली फसलों के बजाए कम अवधि में तैयार होने वाली प्रजातियों पर फोकस करना जरूरी है। जल्द ही किसानों को एसएमएस के जरिए इस संबंध में अवगत करायेगे।

- रामगोपाल रजक,
उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

मुलताई क्षेत्र में रेत के अवैध भंडारण पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 25 जून को जिले की मुलताई तहसील के ग्राम परमंडल स्थित भूमि पर खनिज रेत के अवैध भंडारण की सूचना मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुलताई के नेतृत्व में राजस्व एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही करते हुए उक्त क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुलताई, तहसीलदार मुलताई, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी एवं खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा ग्राम परमंडल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 538/2/1/2/1/1/1/1/1/1/2, रकबा 0.025 हेक्टेयर के अंश भाग पर एक ढेर के रूप में खनिज रेत का अवैध भण्डारण पाया गया, जिसकी माप करने पर मौके पर खनिज रेत की मात्रा 84 घन मीटर पाई गई। संयुक्त अमले द्वारा जांच एवं कार्यवाही के दौरान उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड में अनिरूद्ध पिता गेण्डू गढेकर निवासी सर्रा मुलताई के नाम से दर्ज होना पाई गई। उक्त भूमि पर भूमि स्वामी द्वारा बिना अनुमति के खनिज रेत का अवैध रूप से भण्डारण किया जाना पाया गया। उक्त अवैध रूप से भण्डारित खनिज रेत मात्रा को जब्त कर खनिज नियमों के तहत कार्यवाही गई है। उपरोक्त अवैध भण्डारणकर्ता के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के तहत अर्थदण्ड की राशि प्रस्तावित कर प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

ट्रेन यात्री हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। बोरदेही रेलवे स्टेशन पर छिंदवाड़ा निवासी अली खान की सामूहिक मारपीट कर हत्या के मामले में जीआरपी को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सागर धुर्वे को भोपाल के जहांगीराबाद क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही हत्याकांड में शामिल सभी आठ आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। घटना 1 जून की रात छिंदवाड़ा-इंदौर पैसेंजर ट्रेन (क्रमांक 19344) में हुई थी। परासिया स्टेशन के पास अली खान और सागर धुर्वे के बीच सीट को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के बाद सागर ने अपने साथियों को बोरदेही रेलवे स्टेशन बुला लिया। ट्रेन रुकते ही अली खान को नीचे उतारकर सामूहिक रूप से बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अगले दिन रेलवे स्टेशन पर शव मिलने के बाद जीआरपी आमला ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के छह घंटे के भीतर पुलिस ने कन्हैया उर्फ काली, अयान खान, अमित उर्फ जीनू उबनारे और नवीन पाटिल को गिरफ्तार कर लिया था। फरार आरोपियों की तलाश में जीआरपी ने साइबर सेल, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद ली। जांच के दौरान कमलेश उइके उर्फ बाबा रामदेव, अंकुश कोराई और एक विधि-विरुद्ध बालक को तमिलनाडु के डिंडीगुल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद मुख्य आरोपी सागर धुर्वे की तलाश जारी रही। साइबर सेल और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सागर के भोपाल के जहांगीराबाद क्षेत्र में छिपे होने की सूचना मिली। इसके बाद जीआरपी आमला की टीम ने भोपाल पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

कांग्रेस साधेगी सरकार पर निशाना

पेपर लीक से बर्बाद हुआ लाखों छात्रों का भविष्य: डागा

बैतूल। देशभर में आयोजित किए जा रहे छात्रों की गूंज-जन संवाद अभियान के तहत बैतूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रमो को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सरले सेलिब्रेशन मैरिज गार्डन में पत्रकार वार्ता कर इसकी रूपरेखा, उद्देश्य और प्रमुख मुद्दों को सामने रखा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा ने कहा कि पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में लगातार गड़बडिय़ों के कारण हजारों-लाखों विद्यार्थियों का भविष्य बर्बाद हुआ है।

उन्होंने बताया कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2014 से 2026 तक भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में 90 से अधिक पेपर लीक हो गए हैं जो गंभीर राष्ट्रीय समस्या बन गया है। श्री डागा ने बताया कि कांग्रेस का यह अभियान देश के विद्यार्थियों और युवाओं के भविष्य से जुड़े सवालों को सामने लाने की पहल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, स्वास्थ्य, किसानों और आदिवासियों से जुड़े विषय आज सबसे बड़े जनसरोकार बन चुके हैं और इन्हीं मुद्दों पर युवाओं से सीधा संवाद किया जाएगा। जिला संगठन महामंत्री ब्रजभूषण पांडे ने बताया कि पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी सुनील उइके, प्रदेश संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुई पवित्र नगरी

पंचकुंडीय महायज्ञ का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

पवित्र नगरी मुलताई स्थित वसंत पब्लिक स्कूल (वीआईपी) परिसर में पंचकुंडीय महायज्ञ का भव्य, गरिमामय एवं आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धा और वैदिक परंपराओं के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, विद्यालय के मार्गदर्शक दिलीप डांगे, डायरेक्टर डॉ. मधु पांसे, सचिव प्रदीप डांगे, विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।महायज्ञ का शुभारंभ वैदिक रीति-रिवाजों एवं मंत्रोच्चार के साथ हुआ। विद्वान आचार्यों द्वारा संपन्न कराए गए धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान पूरा विद्यालय परिसर भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर राष्ट्र की समृद्धि, समाज में सुख-शांति, पर्यावरण संरक्षण तथा समस्त मानवता के कल्याण की मंगलकामना की। यज्ञ की दिव्य अग्नि एवं वैदिक मंत्रों की स्वर लहरियों ने उपस्थित जनसमुदाय को आध्यात्मिक अनुभूति से अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के उप जोन समन्वयक एवं वेदमाता गायत्री ट्रस्ट के व्यवस्थापक रामचंद्र गायकवाड़ ने प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने गायत्री साधना एवं यज्ञ के वैज्ञानिक, आध्यात्मिक तथा सामाजिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ व्यक्ति के विचारों एवं संस्कारों का भी परिष्कार करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों, अनुशासन, सेवा भावना और भारतीय संस्कृति के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित इस संस्कारमूलक एवं आध्यात्मिक आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में नैतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। पंचकुंडीय महायज्ञ जैसे आयोजन विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

नाले निर्माण में बरती जा रही लापरवाही

गुणवत्ताविहिन कार्य से नागरिकों में नाराजगी, सीएमओ ने भी लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

नगर के वार्ड 03 हनुमान वार्ड पोखरनी से होकर गुजरने वाले भैंसदेही- खामला,कुकरू स्टेट हाइवे पर लेंडी नाला जो कि किशोर मालवीय के घर से शारदा माता मंदिर के सामने से सडक़ के दोनों किनारों पर सी सी नाले का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस निर्माण में गुणवत्ता का कहीं से कहीं तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आरोप है कि नाली निर्माण में जहां घटिया सीमेंट का इस्तेमाल हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ नाली निर्माण में मापदंडों का भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। जिसकी वजह से लोगों में नाराजगी बनी हुई है। वार्ड वासियो का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण में अनियमितताएं बरती जा रही है। रेत के स्थान पर क्रेशर की भारी मात्रा में डस्ट मिलाकर निर्माण किया जा रहा है। यदि अगर इसकी सूक्ष्मता से जांच की जाये तो निर्माण की पोल खुल जायेगी। वार्ड वासी अंकित राठौर ने बताया कि गुणवत्ताविहिन निर्माण की शिकायतें भी एमपीआरडीसी के अधिकारियों से की गई, लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाही नहीं की जा रही है। जिसकी वजह से ठेकेदार के हौंसले बुलंद है। इसके अलावा नाले का निर्माण कहीं सडक़ से सटाकर किया गया है तो कहीं-कहीं पर नाली निर्माण सडक़ से दूर है। जिसके कारण नाली का आकार सर्पाकार हो गया है। ऐसे में नाले में बहने वाला पानी थमने की संभावना भी बनी रहेगी।

नाली निर्माण भी नहीं और टूट रही स्लैब

नाले निर्माण में गुणवत्ता का किस तरह ध्यान दिया जा रहा है, उसका उदाहरण इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक तरफ नाली का निर्माण किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ नाली में डाले गये स्लैब टूटकर नाली में गिर रहे है। ऐसे में गुणवत्ताविहिन निर्माण कार्य की पोल खुल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण ही गुणवत्ताविहिन कार्य संभव हो पा रहा है।

सीएमओ ने अधिकारी को लिखा पत्र

वार्ड वासियो ने जनकल्याण शिविर मे एसडीएम को लिखित शिकायत भी की है जिसको लेकर नगरपालिका सीएमओ ने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को पत्र लिखकर गुणवत्ताविहिन कार्य से अवगत कराया है। पत्र में उल्लेख किया है कि निर्माण कार्य मापदंड अनुरूप नहीं हो रहा है। जिसके कारण नाले की निर्मित दिवार एवं उस पर बना प्लेट फार्म पूर्व में टूट कर गिर चुका है। नपा सीएमओ ने तत्काल कार्य बंद करवाकर वर्तमान तक किये गये कार्य की तकनीकी जांच कराने और आवश्यक कार्रवाही किये जाने की बात कहीं है।

इनका कहना है

मेरे घर के पीछे नाले का निर्माण कार्य किया जा रहा जिसमे लोहे की सरिया भी इस्टीमेट के आधार पर नही लगाया जा रहा और क्रांक्रीट मे भी लापरवाही की जा रही है आगे आगे नाला बनाया जा रहा है और पिछे से उसकी वाल और स्लेप गिरता जा रहा है। ठेकेदार के कर्मचारी भी नही सुनते है।

- दिलीप बघेल, वार्डवासी पोखरनी

एमपीआरडीसी विभाग की स्ट्रेट हाईवे भैसदेही खामला सडक जो कि ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण कार्य किया जा रहा है वह गुणवत्ता विहिन है जिसकी शिकायत विभाग को कई बार की है। इसके बावजुद भी सुधार कार्य नही किया जा रहा है जिसकी उच्च अधिकारियो को शिकायत की जावेगी।

- केएस उइके, सीएमओ, नगर परिषद भैसदेही

विधायक चन्द्रशेखर देशमुख ने कलेक्टर को लिखा पत्र

17 साल बाद फिर चर्चा में ताप्ती ट्रस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2009 में मुलताई को पवित्र नगरी घोषित किए जाने के बावजूद पिछले 17 वर्षों से लंबित ताप्ती ट्रस्ट का गठन एक बार फिर प्रशासनिक और राजनीतिक चर्चा के केंद्र में आ गया है। मुलताई विधायक चन्द्रशेखर देशमुख ने जिला कलेक्टर बैतूल को पत्र प्रेषित कर ताप्ती उद्गम क्षेत्र के संरक्षण, प्रबंधन एवं समग्र विकास के लिए शीघ्र शासकीय ट्रस्ट गठित किए जाने की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में 23 जून 2009 को मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक-233 का उल्लेख करते हुए कहा है कि पवित्र नगरी घोषित होने के बाद भी आज तक ताप्ती ट्रस्ट का गठन नहीं हो सका, जिसके कारण धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन विकास की अनेक योजनाएं अपेक्षित गति नहीं पकड़ पाई हैं। उन्होंने इसे मुलताई के समग्र विकास में सबसे बड़ी प्रशासनिक बाधाओं में से एक बताया है।

राजस्व अभिलेखों में दर्ज हुए 35 प्राचीन मंदिर

पत्र में उल्लेख किया गया है कि श्री क्षेत्र ताप्ती उद्गम स्थल पर स्थित प्राचीन मंदिरों का संयुक्त रूप से राजस्व विभाग एवं नगरपालिका परिषद मुलताई द्वारा चिन्हांकन कराया गया था। इसके बाद राजस्व विभाग ने अनुवृत्ति पत्र क्रमांक 0613/ब/121, वर्ष 2024-25, दिनांक 6 मई 2025 के माध्यम से मां ताप्ती के प्राचीन मंदिर सहित कुल 35 प्राचीन मंदिरों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कर लिया है। विधायक ने पत्र में बताया कि मां ताप्ती उद्गम सरोवर, विभिन्न पवित्र कुंडों तथा ताप्ती नदी के प्रवाह क्षेत्र का सीमांकन कर उन्हें नगरपालिका परिषद मुलताई की सीमा में विधिवत दर्ज किया जा चुका है। वर्तमान में इन समस्त धार्मिक परिसंपत्तियों का स्वामित्व राजस्व अभिलेखों में कलेक्टर बैतूल (सर्वराकार) के नाम दर्ज है। ऐसी स्थिति में मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 के तहत इन मंदिरों एवं संपूर्ण तीर्थ क्षेत्र के संरक्षण, प्रबंधन और विकास के लिए 'मां ताप्ती मंदिर समिति' के नाम से शासकीय ट्रस्ट का गठन आवश्यक बताया गया है।

नपा परिषद ने भी रखा था ट्रस्ट गठन का प्रस्ताव

ताप्ती ट्रस्ट की मांग को बल देने में नपा परिषद मुलताई की पहल भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मुख्य नपा अधिकारी ने भी जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर ट्रस्ट गठन की आवश्यकता जताई थी। प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया था कि वर्ष 2009 में पवित्र नगरी का दर्जा मिलने के बाद भी ट्रस्ट के अभाव में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन विकास की संभावनाएं पूरी तरह साकार नहीं हो सकीं। प्रस्ताव के साथ राजपत्र की प्रति, 35 मंदिरों की सूची, खसरा प्रतियां तथा ताप्ती नदी सीमांकन रिपोर्ट भी संलग्न की गई थी। मुलताई सूर्यपुत्री मां ताप्ती के उद्गम स्थल के रूप में देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां स्थित प्राचीन एवं नवीन मंदिरों में प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। नगर राष्ट्रीय राजमार्ग-47 से जुड़ा हुआ है। मुलताई रेलवे स्टेशन निकटतम रेल संपर्क उपलब्ध कराता है, जबकि नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लगभग 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

ट्रस्ट गठन से खुलेंगे विकास के नए द्वार

विधायक चन्द्रशेखर देशमुख के पत्र के बाद अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या 17 वर्षों से लंबित ताप्ती ट्रस्ट के गठन पर शासन अंतिम निर्णय लेगा। यदि मध्यप्रदेश शासन 'मां ताप्ती मंदिर समिति' के गठन को स्वीकृति प्रदान करता है तो इससे न केवल मुलताई की धार्मिक पहचान और तीर्थ क्षेत्र का व्यवस्थित संरक्षण सुनिश्चित होगा, बल्कि मंदिरों की संपत्तियों की सुरक्षा, श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं का विकास, पर्यटन निवेश में वृद्धि तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक/लो.नि.शा./ई./2699 to 2701 — बैतूल दिनांक 24/06/2026

// ई- टेन्डर आमंत्रण सूचना //

(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

क्र.	ऑन लाईन निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_517303_1	CONSTRUCTION OF CC ROAD RAKESH BEDRE HOUSE JHADE JI (SAI MANDIR) IN INDIRA WARD BETUL	1- 60 Days 2-892143/-	1- 2000/- 2- 6700/-	10/07/2026
2	2026_UAD_517304_1	CONSTRUCTION OF RCC RETAINING WALL AND CC RAOD AT MOKSHDHAM HAMLA-PUR IN SUBHASH WARD BETUL	1- 70 Days 2-1530341/-	1- 2000/- 2- 11500/-	24/07/2026
3	2026_UAD_517305_1	CONSTRUCTION OF RCC COVERD DRAIN MRAHI MATA MANDIR TO TOILET, ABLU VARMA TO ISAI CHOUK, KANTA THAKRE TO NAGDEV MANDIR, MAHDEV TO MEGHA MALVI RAJESH SONI TO DINU PAL HOUSE IN KRISHNPURA WARD BETUL	1- 70 Days 2-1760900/-	1- 2000/- 2-13200/-	24/07/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(नवनीत पाण्डेय) सीएमओ, नगर पालिका परिषद बैतूल

खबर संक्षेप

सिविल अस्पताल के बीएमओ दी विदाई

पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र के 100 विस्तरीय में लंबे समय तक पदस्थ किया गया।था राजनीतिक दलों का सरंक्षण में लगातार वृद्धि होना पड़ता था। हमेशा ऊपर विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी के कार्यालय में पदस्थ रही है। मरीजों से लेकर हमेशा सुर्खियों में रही है। मरीजों को कभी देखती नहींथी। अनेकानेक अनमितताए व्याप्त रही लेकिन नेता जन प्रतिनिधि को ही लाभ दिया जा रहा था। गड़बड़ी के भ्रष्टाचार में भि आगे रहा हे। अनेकानेक शिकायत दर्ज कराई गई थी।तब जाकर भोपाल तबादला किया गया था। बिदाई समारोह आयोजित किया गया। दोनों अधिकारी का सम्मान किया गया।

एसडीएम ने अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

नर्मदापुरम। तहसील सिवनी मालवा क्षेत्र की सभी सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक एसडीएम श्री विजय राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में किसानों को खाद (उर्वरक) के अग्रिम उठाव के लिए प्रोत्साहित करने तथा खाद वितरण व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

सीमांकन, नामांतरण और बंटवारे के लंबित मामलों का निराकरण करें

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित शासकीय योजनाओं, अभियानों एवं विभागीय कार्यों की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग तथा जिले में उनकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित शासकीय योजनाओं, अभियानों एवं विभागीय कार्यों की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग तथा जिले में उनकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य अनुरूप कार्यों में तेजी लाने तथा समय-सीमा में लंबित मामलों के निराकरण के निर्देश दिए।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन तहसीलों में सीमांकन के मामले समय-सीमा से बाहर होने की स्थिति में हैं, उनका निराकरण आगामी दो दिवस में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत कोई भी प्रकरण समय-सीमा के बाहर नहीं होना चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आयुष्मान भारत वय वंदना योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण किट वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए वितरण में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक किट पहुंचाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही टीवी मुक्त भारत अभियान की गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सीडीपीओ द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप क्षेत्रीय भ्रमण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा निर्धारित संख्या में भ्रमण नहीं किया गया है, उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र (एससीएन) जारी किए जाएं। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर विभागीय योजनाओं एवं अभियानों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जिन अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप प्रगति नहीं दिखाई जाएगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने वनाधिकार संबंधी निरस्त एवं नवीन दावों के निराकरण को अभियान मोड में करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन अधिकार से संबंधित दावों के निराकरण में भी अपेक्षित प्रगति लाने पर जोर दिया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में शेष नल-जल योजनाओं का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर समस्याओं का समाधान करते हुए आगामी एक माह में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक को विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने तथा ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की संख्या कम करने के लिए विशेष रणनीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की अपार आईडी तैयार करने के कार्य में तेजी लाने तथा आगामी एक सप्ताह में 90 प्रतिशत से अधिक अपार आईडी तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर अनिल कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

चुंगी क्षतिपूर्ति पर काफी हद तक निर्भर नप की वेतन व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद के सभी श्रेणियां के कर्मचारियों को अब तक मई माह का वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों ने बताया कि मई माह में अप्रैल 2026 का वेतन अंतिम सप्ताह में दिया गया था एवं यही स्थिति प्रतिमाह बन रही है। जबकि जून का माह समाप्त होने को पांच दिन बचे हैं, लेकिन अब तक मई का वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों ने बताया कि इस बीच कुछ त्यौहार बीत गए। वहीं विवाहों का भी समय है और ऐसे समय में वेतन नहीं मिलने से नपकर्मी बहुत परेशान हैं।

नप से प्राप्त जानकारी अनुसार निकाय के लगभग 200 कर्मियों में नियमित, विनियमित तथा मस्टर कर्मचारी शामिल हैं। सभी ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से अविलंब वेतन भुगतान की मांग की है।

चुंगी क्षतिपूर्ति पर निर्भर वेतन व्यवस्था

नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश शासन नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा प्रतिमा सोहागपुर निकाय को चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि दी जाती है। लगभग 25 लाख रुपए की राशि जब निकाय को प्राप्त होती है, तब जाकर कर्मचारियों के वेतन की व्यवस्था बन पाती है। स्पष्ट है कि चुंगी क्षतिपूर्ति भुगतान पर सोहागपुर नप की वेतन व्यवस्था में निर्भर है। यद्यपि प्रतिमाह 40 लाख रुपए से अधिक राशि वेतन भुगतान के लिए आवश्यक होती है। जिसमें से लगभग 25 लाख रुपए चुंगी क्षतिपूर्ति के मिलते हैं। बाकी राशि की व्यवस्था नप द्वारा की जाती है।

हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा के लिए करें आवेदन

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनांतर्गत जिले के बुजुर्गों को हरिद्वार-ऋषिकेश की तीर्थयात्रा कराई जाएगी। यह यात्रा 19 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित होगी। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नोडल अधिकारी तीर्थ यात्रा डॉ. बबीता राठौर ने बताया कि चयनित यात्रियों को हरिद्वार-ऋषिकेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे।

शहरी बाजार की कपड़ा दुकानों के आसपास सक्रिय महिलाओं का कपड़ा चोर गिरोह

हाट बाजार के दिन एक दुकान पर दो महिलाओं ने की कपड़ों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार में महिलाओं का चोर गिरोह सक्रिय है। जो कि व्यापारी को बातचीत में व्यस्त कर सामग्री पार करने में देर नहीं लगाता है। व्यापारी संघ सोहागपुर ने सभी व्यापारियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है।

गुरुवार को शहर में हाट बाजार का दिन था। इस दिन कपड़ों की दुकान पर दो महिलाओं द्वारा दुकानदार को बातचीत में तथा कपड़े दिखाने में व्यस्त रखते हुए कपड़े चुराने का मामला सामने आया है। व्यापारी नीलेश जैन की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हुई है। जिसमें दिखाई दिया कि एक महिला बैठी हुई है तथा दूसरी महिला खड़ी हुई है। खड़ी महिला ने व्यापारी नीलेश जैन को कपड़े दिखाने का आग्रह किया। इस दौरान श्री जैन महिलाओं की ओर पीठ कर मांग अनुसार कपड़ों के पीस निकालने में व्यस्त थे। तब खड़ी हुई महिला ने दाएं ओर की रेक में रखे कपड़ों के कुछ पैकेट निकाले तथा बैठी हुई महिला को थमा दिये। बैठी हुई महिला ने भी तत्काल साथ में रखी खाली थैली में कपड़े रखने में देर नहीं की। व्यापारी नीलेश जैन के छोटे भाई तथा सोहागपुर सकल जैन समाज के अध्यक्ष अभिषेक जैन ने उक्त घटना के सीसीटीवी फुटेज को सोशल मीडिया पर शेयर किया। साथ ही व्यापारियों को सतर्क रहने का आग्रह किया है। अभिषेक जैन के अनुसार उन्होंने उक्त मामले में व्यापारी संघ सोहागपुर को अवगत सुहागपुर पुलिस थाने को कराया है।

हिंदू साम्राज्य दिवस' पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

छत्रपति शिवाजी महाराज के काल से पूर्व भारत में मुगलों के आतंक से हिंदू समाज भयभीत था। ऐसे कठिन समय में मां भारती के सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदू समाज को संगठित किया और 'हिंदवी स्वराज' की स्थापना की। इसी ऐतिहासिक गौरव को हिंदू समाज प्रतिवर्ष 'हिंदू साम्राज्य दिवस' के रूप में मनाता है।

इस पावन अवसर पर सोहागपुर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोहागपुर सकल हिंदू समाज ने समस्त सनातनियों से अपील की है कि सभी बंधु भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित हों एवं धर्म जागरण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें। शोभायात्रा आज शाम पांच बजे से नगर के मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर परिसर पुराने थाने के पीछे से निकाली जाएगी। उक्त संबंध में गत दिनों एक महत्वपूर्ण बैठक भघ सकल हिंदू समाज सोहागपुर द्वारा काली मंदिर में की गई है।

सोहागपुर नगर परिषद द्वारा की जा रही है स्ट्रीट लाइट के आसपास के पेड़ों की छटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मानसूनी बारिश का मौसम क्षेत्र में प्रारंभ हो चुका है। इसके साथ ही सोहागपुर नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के आसपास के पेड़ों की छटाई का कार्य नगर परिषद द्वारा शुरू किया गया है। लगातार यह कार्य अब किया जाएगा।

नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्र में जितने भी स्ट्रीट लाइट्स हैं उन सभी के आसपास वृक्षों की बड़ी एवं घनी शाखाओं की छटाई का कार्य निकाय द्वारा प्रारंभ किया गया है। ताकि बरसात की स्थिति में पेड़ की शाखाएं बिजली लाइन पर ना पहुंचें तथा किसी भी प्रकार से फाल्ट की स्थिति ना बने।

उन्होंने बताया कि बिजली कंपनी के द्वारा भी उक्त कार्य शहरी क्षेत्र में किया जा रहा है। इसके अलावा नगर परिषद के द्वारा स्ट्रीट लाइट के आसपास जितने भी वृक्ष हैं उन सभी की छटाई की जा रही है। ताकि इससे दो प्रकार के लक्ष्य प्राप्त हो सकें। पहला लक्ष्य होगा कि पेड़ों की शाखाओं के गिरने अथवा तेज हवा में हिलने के कारण बिजली की लाइन ना टूटे तथा फाल्ट की स्थिति ना बने। वहीं दूसरा लक्ष्य होगा कि पेड़ों की शाखाओं के बरसात में और अधिक घने तथा बड़े होने के कारण रोशनी के विस्तार में किसी तरह की कोई बाधा उत्पन्न ना हो।

शुक्रवार को रेलवे स्टेशन रोड स्थित पीएचई कार्यालय के समीप के बड़े वृक्षों की शाखाओं की छटाई का कार्य नगर परिषद कर्मियों के द्वारा किया गया है। नपकर्मियों ने बताया कि आगे भी यह कार्य जारी रहेगा।

मोहम्मद हुसैन की याद में मनाया गया मोहर्रम का त्यौहार, जगह-जगह निकले जुलूस व ताजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मोहम्मद हुसैन की याद में मोहर्रम का त्यौहार मनाया गया इस अवसर पर नगर में आवास कॉलोनी टांडा मोहल्ला मंगलवार बाजार पिंजारा मोहल्ला में आकर्षक रंग-बिरंगे ताजिये बनाए गए सभी ताजिए मंगलवारा बाजार में एकत्रित हुए जहां पर मुस्लिम युवाओं ने अखाड़े का प्रदर्शन किया।

नगर परिषद के प्रतिनिधियों ने अखाड़े में भाग लेने वाले युवाओं को पुरस्कार प्रदान किया लोगों ने श्रद्धा से ताजियों पर लोबान और प्रसाद चढ़ाया शाम को सभी ताजिया कर्बला की ओर रवाना हो गए मोहर्रम के त्योहार पर पुलिस स्थानीय प्रशासन व्यवस्थाओं में लगा रहा।

प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी बरसात में निकाले ताजिया जुलूस

पिपरिया। प्रतिवर्ष की तरह इस साल तेज वारिस में लगभग 30ताजिया निकाले गए तेज वारिस के कारण पोलीथीन बैग्स में बंद कर निकालें और मौलाना ने इमाम हुसैन की शहादत से अवगत कराया गया। अनेकानेक अखाड़े भी शामिल हुए। सवारियां भी निकाली गई तेज वारिस के बाद भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।देर रात तक चलता रहा। वारिस हवा चलने से निर्धारित समय पर कार्यक्रम का शुभारंभ नहीं किया गया था। लेकिन कुछ समय बाद शुभारंभ किया गया। सभी नगर में ताजिया जुलूस एवं सवारियां नगर भ्रमण पर निकले। ईरानी समुदाय ने मातमी जुलूस निकाला। मौलाना ने इस्लाम धर्म के अंतिम पैगंबर मोहम्मद साहब ने बताया कि ईरानी समुदाय मातमी जुलूस क्यों निकालते हैं। मंगलवारा चौराहे पर लगभग 30ताजिया रखें हुए थे दर्शन करने हेतु। लोगों ने प्रसाद चढ़ाया लोबान छोड़ा गया।सारे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद डोकरी खेड़ा डेम में देर रात विसर्जन किया गया।

किसानों ने देश में विदेश से अनाज आयातित करने को बताया खतरा, सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा नायब तहसीलदार नीरज बैंस को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया है।कि अमेरिकी टिरेड डील मुक्त व्यापार समझौते को किसानों के लिए मौत का फरमान सुनाया है। जिसमें सनातन धर्म संस्कृति के लिए ख़तरनाक है। भारत में लगातार खेती घाटे में चल रहे हैं। विदेश से अनाज आयातित करने के बाद खेती करना मुश्किल हो रहा है। मूंग खरीदी शीघ्र प्रारंभ की जावे।जो मंडी में मुंग बेच रहे हैं।

उनके लिए भावांतरण का लाभ दिया जावे।ई टोकन सिस्टम में बदलाव किया जावे। डीएपी खाद सहित अन्य सभी उपलब्ध कराई जा वे। गेहूं चना का भुगतान नहीं किया गया है। उसके भुगतान किया जावे। सब्जी मंडी में आढेत व्यवस्था में बदलाव किया जावे। बिजली विभाग की समस्या बढ़ती जा रही है। इसका निदान किया जावे।इस दौरान संघ के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

सेफ क्लिक 2.0 अभियान के दूसरे दिन पुलिस ने चलाया साइबर जागरुकता अभियान

पुलिस ने स्कूलों, कॉलेजों और हॉट बाजारों में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के दूसरे दिन गुरुवार को जिलेभर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत देवास जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में स्कूलों, महाविद्यालयों, हाट-बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और सामुदायिक क्षेत्रों में नागरिकों एवं विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फर्जी निवेश योजनाओं, साइबर ब्लैकमेलिंग तथा क्यूआर कोड फ्रॉड सहित विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी।इस दौरान सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, डिजिटल भुगतान करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के उपाय भी बताए गए। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

विद्यार्थियों ने सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने तथा अपने परिवार और समाज को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को बताया कि यदि वे किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो स्वर्णिम समय (गोल्डन ऑवर) का लाभ उठाते हुए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर धोखाधड़ी की राशि सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा सके।

सेंट जॉन स्कूल में प्रवेश उत्सव हुआ आयोजित

चापड़ा। सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल, चापड़ा में गुरुवार को पेट्रन्स डे एवं प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैथोलिक डायोसिस इंदौर के धर्माध्यक्ष बिशप थॉमस मैथ्यू रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में फादर मार्टिन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिशप थॉमस मैथ्यू, विद्यालय संचालक फादर सोनी एंटनी, प्राचार्या सिस्टर अर्पिता, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के बैंड दल द्वारा किया गया, जिसकी आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रवेश उत्सव के अंतर्गत विद्यालय में नवप्रवेशित सहित सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में बिशप थॉमस मैथ्यू ने विद्यालय परिवार को पेट्रन्स डे एवं प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक उपलब्धियों की सराहना की। संचालन विद्यालय के दोनों स्टाफ सेक्रेटरी यश पंचोली और श्रद्धा गुप्ता ने किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बिशप थॉमस मैथ्यू, फादर सोनी एंटनी, सिस्टर अर्पिता एवं विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

खबर संक्षेप

आशा सराफ का निधन आंखें दान करेंगे

हरदा। अधिवक्ता शिवविलास सराफ की मां आशा सराफ (65) का गुरुवार को निधन हो गया। परिवार ने उनकी आंखें दान करने का अनुकरणीय निर्णय लिया, जिससे किसी जरूरतमंद को रोशनी मिल सकेगी। आशा सराफ हरदा के घंटाघर चौक स्थित वार्ड 5, नरसिंह वार्ड की निवासी थीं। जानकारी मिलने पर प्रदीप अग्रवाल ने दिवंगत आशा सराफ के पुत्र अधिवक्ता शिवविलास सराफ से नेत्रदान के संबंध में चर्चा की। परिवार के सदस्यों ने इस नेक कार्य के लिए तत्काल सहमति प्रदान की। इसके बाद, प्रदीप अग्रवाल ने डॉ. वीपी दोगने को नेत्रदान की सूचना दी। डॉ. दोगने अपने सहायक कर्मचारी के साथ मौके पर पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। दान की गई आंखों को एमके इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर भेजा जा रहा है। आई बैंक द्वारा इन आंखों का प्रत्यारोपण किसी जरूरतमंद मरीज में किया जाएगा, जिससे उन्हें नया जीवन और दृष्टि प्राप्त होगी।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान कल से

हरदा। जिले में 28 जून से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 5 वर्ष आयु वर्ग के जिले के 61611 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें शहरी क्षेत्र हरदा में 13471, हंडिया में 15192, खिरकिया में 16525, टिमरनी में 16423 बच्चो को दवा पिलाई जावेगी। अभियान को सफल बनाने हेतु जिले में 674 पोलियो बूथ बनाये गये हैं जिसमें 1348 कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई है तथा 84 सुपरवाईजर नियुक्त किये गये है। अभियान के प्रथम दिवस में सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जबकि आगामी दो दिनों तक विभाग की टीमें घर घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि सभी विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान संबंधी सभी तैयारियां समयपूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं और पोलियो की खुराक से एक भी बच्चा न छूटे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ियों पर बूथ स्थापित कर बच्चों को पोलियों खुराक पिलाई जाएगी। इसके अलावा ट्रांजिट टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एम.के चौरे ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 5 वर्ष तक की आयु के अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाए। उन्होंने अभियान की शत प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने, छूटे हुए बच्चों की पहचान एवं कवरेज, बूथ प्रबंधन, घर घर भ्रमण तथा माइक्रोप्लान के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।

24 घंटों में जिले में 2.8 मिमी औसत वर्षा

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 2.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में रहटगांव में 14 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 55.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 108.8 मि.मी., टिमरनी में 30.3 मि.मी., खिरकिया में 33.6 मि.मी., सिराली में 32.1 तथा रहटगांव में 73.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 26 जून तक 93.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान कल से

सीहोर। जिले में 28 जून से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के जिले के 1,82,084 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस में सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जबकि आगामी दो दिनों तक विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी।

अंतरराष्ट्रीय निवारण सप्ताह, नशा निवारण दिवस मनाया

स्कूल, कॉलेज के छात्र छात्राओं ने दिया चित्रकारी में नशा मुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में चलाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को समापन दिवस का आयोजन स्थानीय वृद्ध आश्रम भवन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से राजेश, पुलिस विभाग से डीएसपी अरुणा सिंह, स्वैच्छिक संस्था सार्थक सेवा आश्रय समिति से भागवत सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

अतिथियों के माध्यम से नशा मुक्ति के क्षेत्र में सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्कूल, कॉलेज से उपस्थित छात्र छात्राओं के माध्यम से नशा मुक्ति पर बनाई गई चित्रकारी की प्रदर्शनी भी लगाई गई । उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि सप्ताह भर विभिन्न विभागों, स्कूल, कॉलेज, धार्मिक संगठन एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से चलाई गई जन जागरूकता गतिविधियों खेल, गायन, वादन, चित्रकला पोस्टर इत्यादि मैं विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को अतिथियों के माध्यम से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान से पुरस्कृत किया गया एवं प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियो ने उपस्थित छात्र छात्राओं एवं जनसमूह को नशामुक्ति जन जागरूकता का संदेश दिया। अतिथियों द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में विशेष रूप से बच्चों द्वारा तैयार पोस्टर चित्रकला की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा लीगल वालंटियर सुरेंद्र कौर, सार्थक सेवा समिति, पहल सामाजिक संस्था, आर्ट एंड वैल्यू संस्था, शारदे म्यूजिक अकैडमी, फुटबॉल, खो-खो अकेडमी से कर्मचारी एवं मास्टर ट्रेनर व मास्टर वॉलिंटियर उपस्थित रहे।

ज्ञान स्थल इंटरनेशनल स्कूल में 10 पौधे रोपे, 500 और रोपेंगे

लायंस क्लब हरदा सिटी का पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

लायंस क्लब हरदा सिटी के तत्वावधान में शुक्रवार को शहर के ज्ञान स्थल इंटरनेशनल स्कूल में पौध रोपण किया गया। पहले दिन स्कूल में 10 पौधे रोपकर अभियान का शुभारंभ किया गया। आने वाले दिनों में स्कूल परिसर में 500 और पौधे रोपे जाएंगे। इसमें नीम, अशोक, बादाम, चंपा और पाम के पौधे शामिल है। इस दौरान क्लब के सदस्यों व स्कूल स्टाफ ने पौधे रोपकरण उनके सरंक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में लायंस क्लब हरदा सिटी की अध्यक्ष अंजू भायरे, सचिव शीनू बसंल, कोषाध्यक्ष सुनीता बागरे, सुनील बागरे, जोन चेयर पर्सन शुभम बंसल, पंकश शर्मा, मुकेश गहालेत, दिनेश गुर्जर, डॉ. विश्वनाथ चांदसी, नवीन राठौर, राजकुमारी मुकाती एवं ज्ञानेश चौबे सहित अन्य समाजसेवी मौजूद थे।

बारिश में पौधे रोपने चलाएंगे अभियान, संरक्षण का संकल्प भी दिलाएंगे

लायंस क्लब अध्यक्ष अंजू भायरे ने कहा कि बारिश के मौसम में पौध रोपण अभियान चलाया जाएगा। इसमें छायादार, फलदार पौधे शामिल होंगे। रोपण के समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि पौधे सुरक्षित स्थानों पर रोपे जाए। इसे रस्म अदायगी नहीं बनाया जाएगा। पौधों रोपण करते समय क्लब के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को देखरेख की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। ज्ञानस्थल इंटरनेशनल स्कूल के एमडी प्रकाश जांगरे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में स्कूल भी पहल करेगा। स्कूल परिसर के अलावा भी क्लब के साथ मिलकर शहर में पौधरोपण में सहयोग किया जाएगा।

बिजली का तार पानी में गिरा

बहन की शादी की तैयारी कर रहे युवक को करंट लगा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम जामन्याकला में गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक अपनी बड़ी बहन की शादी की तैयारियों में घर पर लाइटिंग लगा रहा था। इसी दौरान बारिश और तेज हवा के बीच बिजली का तार टूटकर पानी भरे गड्ढे में गिर गया। तार उठाने के दौरान उसे करंट लग गया। हादसे के बाद घर की खुशियां मातम में बदल गईं।

जानकारी के अनुसार, ग्राम जामन्याकला निवासी पतिराम कोरकू की बड़ी बेटी मनीषा की शादी तय थी और शुक्रवार सुबह ग्राम बड़झिरी से बारात आनी थी। शादी की तैयारियों के चलते घर में उत्सव का माहौल था। मृतक लक्ष्मण कोरकू (19) अपने परिवार के साथ तैयारियों में जुटा हुआ था। बताया जा रहा है कि लक्ष्मण दो भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर का था और बहन की शादी को लेकर काफी उत्साहित था। गुरुवार शाम करीब 5 बजे लक्ष्मण घर में लाइटिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान बारिश शुरू हो गई और तेज हवा चलने लगी। हवा के कारण बिजली का तार टूटकर नीचे पानी भरे गड्ढे में गिर गया। जब लक्ष्मण उसे उठाने पहुंचा, तभी वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे बेहोशी की हालत में मगरधा के कुछ निजी डॉक्टरों के पास ले गए। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अखिल विश्नोई ने बताया कि युवक की मौत अस्पताल लाने से करीब एक घंटे पहले ही हो चुकी थी। उसके पैर के पंजे में करंट लगने के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सटीक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। युवक की मौत के बाद उसकी मां, मामा, बुआ और अन्य परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराने की मांग पर अड़ गए। वे शव को बिना पोस्टमार्टम रात में ही घर ले जाना चाहते थे। इस दौरान जिला अस्पताल में काफी देर तक हंगामा होता रहा। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रोशनलाल भारती पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी। इसके बाद परिजन शव को मर्चुरी में रखने के लिए तैयार हुए। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। सिराली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकाला मातमी जुलूस

हरदा। शुक्रवार को इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातमी जुलूस निकाला गया। हुसैनी अंजुमन शिया नौजवान कमेटी, लाइन मोहल्ला द्वारा आयोजित यह जुलूस इमामबाड़ा से शुरू होकर पोस्ट ऑफिस चौराहा, चांडक चौक, घंटाघर, पुरानी सब्जी मंडी और हाजी चौक होते हुए नदी तट पर समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल नौजवानों ने 'या हुसैन' के नारे लगाते हुए छुरियों और जंजीरों से मातम किया। उन्होंने इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह जुलूस दस दिनों तक चली मजलिस और तकरीर के बाद पारंपरिक रूप से निकाला गया। 30 से अधिक स्थानों से ताजिए निकले शहर के खेड़ीपुरा, मानपुरा, कुलहरदा, अन्नापुरा और दूध डेयरी सहित 30 से अधिक स्थानों से ताजिए निकाले गए। नगर भ्रमण के बाद इन ताजियों को पुरानी सब्जी मंडी में रखा गया। बारिश के कारण ताजियों को पन्नियों से ढंकना पड़ा। इस अवसर पर लोगों ने ताजियों के सामने लुभान छोड़ा और युवाओं ने पारंपरिक हथियारों के साथ अखाड़े में करतब दिखाए। पूरा शहर या अलीऱ और या हुसैनऱ के नारों से गूंज उठा। जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा मुहर्रम के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला मुख्यालय पर 100 से अधिक जवानों को तैनात किया गया था। प्रत्येक ताजिये के साथ पुलिस बल मौजूद था। इसके अतिरिक्त, शहर में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से भी निगरानी की गई। पूरे जिले में लगभग 60 स्थानों से ताजिए निकाले गए, जिनकी सुरक्षा के लिए 200 जवानों को दो दिनों के लिए तैनात किया गया था। रिजर्व बल को भी कंट्रोल रूम में अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए थे। नगर पालिका ने मुहर्रम के त्यौहार को देखते हुए शहर के बाजार क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया और पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में, जहां ताजिए रखे जाने थे।

पेंशन हितग्राहियों को मिली 2.70 लाख से अधिक की पेंशन राशि

सीहोर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजनाओं के प्रदेश के 33 लाख से अधिक हितग्राहियों के खाते में 203.56 करोड़ रूपये की पेंशन राशि अंतरित की। उन्होंने सीहोर जिले के 45,089 पेंशन हितग्राहियों के खाते में 02 करोड़ 70 लाख 53 हजार रूपये की राशि अंतरित की। सीहोर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से सामाजिक न्याय विभाग के सहायक संचालक महेश यादव सहित पेंशन हितग्राही विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राशि अंतरण कार्यक्रम में शामिल हुए।

बिहार में एनकाउंटर में भरत तिवारी की मृत्यु पर सर्व ब्राह्मण समाज व परशुराम सेना मप्र ने श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सर्व ब्राह्मण समाज संगठन एवं परशुराम सेना मप्र द्वारा शुक्रवार को परशुराम चौक पर बिहार में हुए एनकाउंटर में सर्व ब्राह्मण समाज के गौरव,कुशल नेतृत्वकर्ता, अधिकारों की रक्षा करने वाले भरत तिवारी की दर्दनाक हत्या की निंदा की,वहीं समाज के सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि पुलिस का यह कृत्य निंदनीय है। इस एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड के जिला प्रभारी पंडित ओमप्रकाश पुरोहित ने कहा कि भरत तिवारी की दर्दनाक हत्या नहीं अपितु वह शहीद हुए है।मप्र परशुराम सेना के कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने कहा कि समाज के हित एवं अधिकारों के लिए समर्पित सेवक का जाना,अपूरणीय क्षति है इस दौरान नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर ने कहा कि भरत तिवारी शारीरिक रूप से भले ही यहां नहीं है लेकिन उनके विचार अनुकरणीय रहेंगे।वहीं गौ सेवक अनिल गीते ने भी भरत तिवारी को श्रद्धांजलि देते हुए समर्पित सेवक बताया। श्रद्धांजलि के दौरान परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष नितिन जोशी, सर्व ब्राह्मण ब्राह्मण समाज के नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला, कोषाध्यक्ष गजानंद डाले, युवा इकाई कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप मंडलोई,सचिव नवीन शर्मा,संदीप पुरोहित, गोपाल शुक्ला,विनोद मलतारे, सचिन राजवैद्य, नीरज राजवैद्य, आकाश तिवारी सहित समाजजन उपस्थित थे।

135 क्वार्टर अवैध शराब जब्त 2 लोगों को गिरफ्तार किया

हरदा। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 135 क्वार्टर अवैध शराब और परिवहन में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि पुलिस लाइन के पास अवैध शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और पूनम ठाकुर (24) पिता तुलसीराम ठाकुर तथा नवीन ठाकुर (19) पिता सीताराम ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी ग्राम रातातलाई, थाना हंडिया के निवासी हैं। 135 क्वार्टर बरामद तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से मसाला और प्लेन शराब के कुल 135 क्वार्टर बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 13,500 रुपये है। इसके अलावा शराब के परिवहन में इस्तेमाल की जा रही होंडा शाइन मोटरसाइकिल भी जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है। जब्त की गई कुल सामग्री का मूल्य 63,500 रुपये आंका गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

सभी पात्र हितग्राहियों को मिले योजनाओं का लाभः रवि मालवीय

पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम अध्यक्ष ने की स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में निगम द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजना और मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, अधिक से अधिक शिविर आयोजित करने, ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने, योजनाओं के लक्ष्य बढ़ाने, छोटे एवं व्यवहारिक प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार प्रसार और हितग्राहियों को लाभान्वित करने के संबंध में सुझाव दिए।

अध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि गांव और वार्ड स्तर तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा पात्र युवाओं, महिलाओं एवं स्वरोजगार की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय स्थापित करने के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में उद्योग क्षेत्र के लिए 1 लाख से 50 लाख रुपए तथा सेवा एवं व्यवसाय इकाइयों के लिए 1 लाख से 25 लाख रुपए तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। बैंक द्वारा वितरित ऋण पर 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक दिया जाता है। योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पात्र आवेदक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री उद्यम योजना के लिए 40 प्रकरणों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 13 प्रकरण बैंकों को प्रेषित किए गए, जिनमें से 10 प्रकरण स्वीकृत तथा 9 प्रकरणों में ऋण वितरण किया जा चुका है। बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना के अंतर्गत छोटे स्वरोजगार कार्यों के लिए 10 हजार रुपए से 1 लाख रुपए तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में बैंक ऋण पर 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक उपलब्ध कराया जाता है। योजना का लाभ 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे व्यक्तियों को दिया जाता है जो आयकरदाता नहीं हैं। वर्ष 2026-27 में स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 225 प्रकरणों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मानसून में पिछड़ा जिला, अब तक 4.28 इंच औसत बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में वैसे तो मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और बादलों की आवाजाही जारी है, लेकिन अगर आंकड़ों की बात करें तो इस बार जिला पिछले साल के मुकाबले मानसून की दौड़ में पिछड़ता नजर आ रहा है। वर्ष 2025 की तुलना में इस साल मानसून की शुरुआती रफ्तार काफी धीमी और सुस्त रही है। भू-अभिलेख विभाग द्वारा 25 जून को जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल आज की तारीख तक जिला 4.64 इंच औसत बारिश का आंकड़ा छू चुका था, जबकि इस वर्ष जिला अब तक केवल 4.28 इंच पर ही पहुंच पाया है।

विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 0.91 इंच बारिश दर्ज की गई। इस दौरान सबसे ज्यादा मेहरबानी भैरुंदा और बुधनी क्षेत्रों पर रही। भैरुंदा में 2.13 इंच, बुधनी में 2.05 इंच और रेहटी में 1.51 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इसके अलावा श्यामपुर में 0.79 इंच, सीहोर शहर में 0.39 इंच, इछावर में 0.24 इंच और आष्टा में 0.16 इंच मामूली बारिश हुई। वहीं जावर केंद्र पर इस दौरान बादलों ने पूरी तरह निराशा किया और वहां कोई बारिश दर्ज नहीं की गई। अब तक की कुल बारिश में भैरुंदा क्षेत्र सबसे आगे है, जहां 6.81 इंच पानी गिर चुका है। इसके बाद इछावर में 5.83 इंच और बुधनी में 5.10 इंच वर्षा हुई है। जबकि सीहोर शहर में 4.75 इंच, आष्टा में 3.31 इंच, जावर में 3.11 इंच, रेहटी में 3.02 इंच और श्यामपुर में 2.33 इंच बारिश दर्ज की गई है। पिछले साल से मानसून के पिछड़ने के कारण जिले के अन्नदाताओं की चिंता थोड़ी बढने लगी है, क्योंकि खरीफ की बोनी के लिए खेतों को अच्छी और लगातार बारिश की दरकार होती है। जून का महीना समाप्त होने की ओर है, ऐसे में पिछले साल के मुकाबले कम पानी गिरना खेती के शुरुआती चक्र को प्रभावित कर सकता है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह केवल शुरुआती दौर है।